प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय की कु. पदमिनी जोशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

पंतनगर। 20 नवम्बर 2021। पंतनगर विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान की बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा, कु. पदमिनी जोशी ने राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी (एन.ए.ए.एस.) द्वारा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में 13–16 नवम्बर 2021 को आयोजित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान काग्रेंस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व कु. पदमिनी ने आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, आयोध्या, उत्तर प्रदेश में 26 अक्टूबर को आयोजित जोनल स्टूडेन्ट इलोक्यूशन प्रतियोगिता क्वालीफाई की थी। कु. पदमिनी जोशी महाविद्यालय की मेधावी छात्रा हैं। उनका अपनी कक्षा के विद्यार्थियों में सर्वाधिक अंक लेकर प्रथम स्थान है। इससे पूर्व इन्होंने विवेकानंद स्वाध्याय मंडल पंतनगर द्वारा आयोजित वाई.यु.वी.ए. (युवा) 2021 कार्यक्रम में 'रोल ऑफ यूथ इन अचीविंग आत्मनिर्भर भारतः रिवाईविंग इंडियन स्प्रिट ऑफ सेल्फ रिलाइंस' विषय पर आयोजित कॉन्फ्रेस में मौखिक पेपर प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप एवं गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्री, डा. अल्का गोयल ने बाधाई दी एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कु. पदमिनी जोशी।